बर्षः- 06
अंकः- 82
मुरादाबाद
(Sunday)
12 July 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक

प्रातः कालीन

क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

क्रिकेट से लेकर रग्बी और हॉकी तक... पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड में खेल जगत को लेकर कही बड़ी बातें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूजीलैंड में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए भारतीय मूल के खिलाड़ियों रचिन रवींद्र, ईश सोढ़ी और एजाज पटेल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड प्रतिभाओं को अवसर देने वाला देश है। साथ ही भारत-न्यूजीलैंड की दोस्ती, %वाका% की साझा यात्रा और भारतीय समुदाय के योगदान की भी सराहना की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूजीलैंड दौरे के दौरान भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दोनों देशों के गहरे संबंधों का जिक्र किया। उन्होंने भारतीय मूल के कई सफल

खिलाड़ी हो सकते हैं। ऐसी प्रतिभाओं को यहां अवसर मिलता है। न्यूजीलैंड वह जगह है, जहां सड़कों के नामों में भी भारतीय शहरों को सम्मान दिया गया है।भारत को न्यूजीलैंड के रग्बी कोचों की जरूरत - लोगों का उदाहरण देते हुए कहा कि न्यूजीलैंड वह देश है, जहां प्रतिभा को आगे बढ़ने का पूरा अवसर मिलता है। इस दौरान उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के भारतीय मूल के खिलाड़ियों रचिन रवींद्र, ईश सोढ़ी और एजाज पटेल का भी विशेष उल्लेख किया। साथ ही दोनों देशों के बीच खेल संबंधों को बढ़ाने को लेकर भी कई एलान किए। रचिन, ईश और एजाज का किया जिक्र- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्यूजीलैंड ऐसा देश है, जहां भारतीय मूल के लोग हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा, न्यूजीलैंड वह जगह है, जहां निखिल रविशंकर एयर न्यूजीलैंड के सीईओ बन सकते हैं। जहां आनंद सत्यनंद गवर्नर-जनरल बन सकते हैं। जहां क्रिकेट टीम में रचिन रवींद्र, ईश सोढ़ी और एजाज पटेल जैसे संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत रग्बी के क्षेत्र में न्यूजीलैंड से सीखना चाहता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत को अनुभवी कोचों और विशेषज्ञों की जरूरत है, जिसमें न्यूजीलैंड महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में भुवनेश्वर में न्यूजीलैंड रग्बी और रग्बी इंडिया के संयुक्त कोचिंग कार्यक्रम को दोनों देशों के खेल सहयोग की शानदार शुरुआत बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत और न्यूजीलैंड स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी मिलकर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि दोनों देशों का भविष्य एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है और खेल सहयोग इस साझेदारी को नई मजबूती देगा।मेजर ध्यानचंद का जिक्र- भारतीयों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष भारत और न्यूजीलैंड के खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक सदी पहले भारतीय हॉकी टीम न्यूजीलैंड दौरे पर आई थी और उस दौरान मेजर ध्यानचंद के शानदार खेल की पूरे देश में चर्चा हुई थी। उनकी अद्भुत हॉकी प्रतिभा ने न्यूजीलैंड के लोगों का भी दिल जीत लिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दौर सहयोग का है और भारत तथा न्यूजीलैंड खेलों के क्षेत्र में भी मिलकर नई ऊंचाइयां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच खेल सहयोग को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। भारत और न्यूजीलैंड की दोस्ती का जिक्र- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के रिश्ते दोस्ती, साझा मूल्यों और बेहतर भविष्य की सोच पर आधारित हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड की सांस्कृतिक विरासत में वाका (Waka) के महत्व का जिक्र करते हुए दोनों देशों की साझेदारी की तुलना इससे की। उन्होंने कहा, %वाका केवल एक नाव नहीं है। यह साझा यात्रा का प्रतीक है। भारत और न्यूजीलैंड का यह वाका अब एक नई यात्रा पर निकलने के लिए तैयार है, जो दोनों देशों के मजबूत होते संबंधों का प्रतीक है। 25-30 साल पुरानी यात्रा का किस्सा सुनाया- प्रधानमंत्री मोदी ने न्यूजीलैंड की अपनी पहली यात्रा को भी याद किया, जो उन्होंने सार्वजनिक जीवन में आने से काफी पहले की थी। उन्होंने बताया कि उस समय एक न्यूजीलैंड निवासी ने उन्हें एक मफलर, टोपी और दस्ताने उपहार में दिए थे। उन्होंने कहा, यह मफलर मुझे न्यूजीलैंड के एक व्यक्ति ने दिया था और मैं इसे आज भी अपने पास संभालकर रखता हूं। यह मुझे यहां के लोगों के स्नेह और अपनापन की हमेशा याद दिलाता है। भारतीय शहरों के नाम वाली सड़कों का भी किया उल्लेख- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्यूजीलैंड में कई स्थानों और सड़कों के नाम भारतीय शहरों के नाम पर हैं, जो दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों की झलक दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि खंडाला, बॉम्बे हिल्स, कोरोमंडल, कलकत्ता स्ट्रीट, दिल्ली क्रिसेंट और अमृतसर स्ट्रीट जैसे नाम भारत और न्यूजीलैंड के मजबूत रिश्तों का प्रतीक हैं। भारतीय समुदाय की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, आप सभी पूरी तरह कीवी बन चुके हैं, लेकिन भारत और न्यूजीलैंड के रिश्तों को लगातार मजबूत भी कर रहे हैं। जब भी मैं न्यूजीलैंड के नेताओं से मिलता हूं, वे भारतीय समुदाय की खूब प्रशंसा करते हैं। यह आपकी तारीफ है और इससे मेरा सिर गर्व से ऊंचा हो जाता है।

संक्षिप्त समाचार

हम आपको जनता के सामने बेनकाब कर देंगे: महाराष्ट्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को जमानत याचिकाओं का विरोध करने लेकिन ट्रायल में देरी करने पर फटकार लगाई। अदालत ने इस दौरान चेतावनी दी कि अगर स्थिति नहीं सुधरी तो राज्य को सार्वजनिक रूप से बेनकाब किया जाएगासुप्रीम कोर्ट ने एक आपराधिक मामले में विदेशी नागरिक की जमानत याचिका का विरोध करने पर महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर राज्य सरकार का यही ढर्रा रहा, तो वे उसे जनता के सामने बेनकाब कर देंगे। बता दें कि, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस शील नागू की पीठ एक विदेशी नागरिक की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी।सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?- सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के काम करने के तरीके पर गहरी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा, %हमें हर दिन महाराष्ट्र से ऐसे मामले मिलते हैं। आप लोग जमानत का तो पूरी ताकत से विरोध करते हैं, लेकिन मुकदमों को तेजी से पूरा करने के लिए कोई कदम नहीं उठाते। जब हम मामले की जांच करते हैं, तो पता चलता है कि सबूत बहुत कमजोर हैं। हम आपको जनता के सामने बेनकाब कर देंगे%।क्या है पूरा मामला?- चार साल से जेल में बंद- अपहरण और हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए इस विदेशी नागरिक ने कोर्ट को बताया कि वह पिछले चार साल से जेल में है।

राम मंदिर मामले में आप चलाएगी अभियानः केजरीवाल बोले- सुंदरकांड पाठ के बाद देशभर में चलाएंगे हस्ताक्षर कैंपेन

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने राम मंदिर में डकैती डालने वाले महा पापियों को सजा दिलवाने को लेकर रविवार को सुंदरकांड पाठ कराने और देश भर में सिग्नेचर कैंपेन चलाने की घोषणा की। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने राम मंदिर से जुड़े कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर रविवार को सुंदरकांड पाठ और देशव्यापी सिग्नेचर अभियान शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 12 जुलाई को सुबह 10 बजे दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-10 स्थित जापानी पार्क (जेएमडी टेंट) में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद भगवान हनुमान का आशीर्वाद लेकर देशभर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए- केजरीवाल- पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ समय की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि राम मंदिर में कथित गड़बड़ियों के आरोपों में शामिल लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जमीन खरीद, निर्माण कार्यों और चढ़ावे से जुड़े मामलों में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उनका कहना था कि उपलब्ध दस्तावेजों के बावजूद न तो समुचित जांच हो रही है और न ही जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। केजरीवाल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को इस मुद्दे पर अपनी आवाज उठाने के लिए जोड़ना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और राम भक्तों से अधिक संख्या में सुंदरकांड पाठ में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि पाठ के बाद इस विषय पर चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत प्रधानमंत्री के नाम एक पत्र पर राम भक्तों और आम नागरिकों से हस्ताक्षर कराए जाएंगे। इसके बाद ये पत्र प्रधानमंत्री को भेजे जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि यह केवल आम आदमी पार्टी का अभियान नहीं होगा, बल्कि देशभर के वे सभी श्रद्धालु इसमें भाग ले सकते हैं जो इस पूरे घटनाक्रम से आहत हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली समेत देशभर में विभिन्न स्थानों पर हनुमान चालीसा का पाठ और भगवान राम की आरती का आयोजन भी किया जाएगा। इसके बाद हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। केजरीवाल ने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और अपनी भागीदारी दर्ज कराएं।

मंत्री राजभर का अखिलेश पर हमला, उनसे हाथ मिलाने का भी रेट तय, सत्ता के लिए दिखा रहे सनातन प्रेम

यूपी सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव की संपत्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राजनीति में आमतौर पर खर्च अधिक होता है, लेकिन इसके बावजूद अखिलेश यादव की संपत्ति लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब राजनीति में पैसा खर्च होता है, तो संपत्ति कम होनी चाहिए, लेकिन यहां तो संपत्ति दिन-दूनी, रात-चौगुनी बढ़ रही है। इसका जवाब कौन देगा? सपा प्रमुख के हालिया सनातन प्रेम पर भी राजभर ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो नेता पहले केवल तुष्टीकरण की राजनीति करते थे, वे अब अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देख सनातन की बात करने लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश है।राजभर ने अखिलेश यादव को नकली समाजवादी बताते हुए कहा कि असली समाजवाद डॉ. राम मनोहर लोहिया का था, जिन्होंने नाम के पीछे से जाति हटाने की बात कही थी। उन्होंने सवाल किया कि क्या अखिलेश यादव ने अपने नाम के आगे से %यादव% हटाया है? सपा सरकारों के कार्यकाल का जिक्र करते हुए राजभर ने कहा कि प्रदेश ने समाजवादी पार्टी के शासन में दंगे, गुंडागर्दी, लूट और हत्याएं देखी हैं। सब कुछ समझ चुकी है। सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले पर भी राजभर ने तंज कसते हुए इसका नया अर्थ परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी बताया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को केवल अपने परिवार के विकास की चिंता है, जनता के हितों से उसका कोई लेना-देना नहीं है।प्रदेश में पंचायत चुनावों में हो रही देरी के मुद्दे पर राजभर ने कहा कि सरकार पूरी तरह तैयार है और अब सिर्फ हाईकोर्ट के निर्देशों का इंतजार किया जा रहा है।

हिंद महासागर हमारा आंगन, सुरक्षा हमारी जिम्मेदारीः राजनाथ सिंह बोले- बिना एलान के युद्ध संभव, सेना रहे तैयार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापत्तनम में नौसेना कर्मियों को संबोधित करते हुए भारत को हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता का प्राथमिक गारंटर बताया। स्वदेशी युद्धपोत %महेंद्रगिरी% की कमीशनिंग से पहले उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध बिना घोषणा के और नए रूपों में हो सकते हैं, जिसके लिए नौसेना को अत्याधुनिक तकनीक से लैस और सतर्क रहना होगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने साफ कर दिया है कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने वाला सबसे प्रमुख देश है। उन्होंने वैश्विक सुरक्षा के बदलते और जटिल हालातों के बीच देश के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए भारतीय नौसेना की जमकर तारीफ की है। रक्षामंत्री बुधवार, 10 जुलाई 2026 को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में नौसेना कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। मौका था भारतीय नौसेना में छठे स्वदेशी प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरी के कमीशनिंग की पूर्व संध्या पर आयोजित विशेष %बाराखाना% कार्यक्रम का, जहां उन्होंने सैनिकों का हौसला बढ़ाया।



आर्थिक तरक्की के लिए समुद्री सुरक्षा बेहद जरूरी- राजनाथ सिंह रक्षामंत्री ने कहा कि भारत का 90 प्रतिशत से ज्यादा व्यापार समुद्री रास्तों से ही होता है। इसके अलावा देश की ऊर्जा सुरक्षा, विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र और द्वीपीय क्षेत्र भी पूरी तरह समुद्र से जुड़े हैं।

यही वजह है कि देश के आर्थिक विकास और राष्ट्रीय हितों के लिए समुद्री सुरक्षा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। राजनाथ सिंह ने आगाह किया कि बढ़ते भू-राजनीतिक कॉम्पिटिशन और इस क्षेत्र से बाहर की ताकतों की मौजूदगी ने समुद्री सतर्कता को और बढ़ा दिया है। ऐसे में हमारी नौसेना सीमाओं की रक्षा के साथ महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को सुरक्षित रख रही है। हमारा आंगन है हिंद महासागर, सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी-राजनाथ सिंह भारत को इस क्षेत्र का सबसे बड़ा और जिम्मेदार देश बताते हुए रक्षा मंत्री ने सुरक्षित समुद्री माहौल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि यह पूरा क्षेत्र हमारा आंगन है और इसकी सुरक्षा करना हमारी ही जिम्मेदारी है। राजनाथ सिंह ने स्वदेशी युद्धपोत महेंद्रगिरि का उदाहरण देते हुए कहा कि यह देश की आत्मनिर्भर होती रक्षा क्षमताओं का एक शानदार प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने सैनिकों से अपनी स्किल्स को लगातार अपग्रेड करने और अत्याधुनिक तकनीकों में महारत हासिल करने का आह्वान किया ताकि आधुनिक युद्ध के हर बदलते स्वरूप का सामना किया जा सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भविष्य की चुनौतियों पर बात करते हुए कहा कि आने वाले समय में संघर्ष नए और अप्रत्याशित रूप में सामने आ सकते हैं। अब ऐसे भी संघर्ष देखने को मिल रहे हैं जो बिना किसी औपचारिक युद्ध की घोषणा के लड़े जाते हैं। उन्होंने सैनिकों को सचेत किया कि कल का शत्रु अतीत के शत्रु जैसा बिल्कुल नहीं होगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार सैनिकों को दुनिया के सबसे बेहतरीन हथियार, टेक्नोलॉजी और संसाधन देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। लेकिन हमें यह याद रखना होगा कि केवल हथियार ही जंग नहीं जिताते, बल्कि उन्हें चलाने वाले जांबाज लोग ही जीत तय करते हैं। इस खास मौके पर नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और पूर्वी नौसेना कमान के वाइस एडमिरल संजय भल्ला सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।

संपादकीय Editorial

Offices Moving from Shimla

Offices in the capital, Shimla, were first divided, and now some offices, including the original, are being relocated to district headquarters. In this same sequence, the headquarters of the State Backward Classes Commission has been relocated to Dharamshala. Clearly, if the Commission's office has moved downward, in the context of backward classes, the question of its appropriateness is being resolved. Previously, some offices have moved away from the hustle and bustle of Shimla, so the list of these moves will be examined. Himachal, with its broader image, has become Lower Himachal, yet the needs for reorganization remain unmet. Reorganization is also needed at the state level due to geographical conditions. Many offices are already trapped in Shimla, while some offices from district headquarters could also be relocated. For example, departments like the Fisheries Department, Agriculture-Horticulture, and Animal Husbandry should be relocated from district headquarters. While there may be political reasons for dividing Himachal, politics cannot be a factor in every change. Himachal Pradesh now needs infrastructural, administrative, and economic transformation. For this, economy must be paramount. If government buildings across the state are vacant, they can be utilized by relocating rented offices. Infrastructure needs need to be understood, as if schools and colleges are operating below capacity, rationalization is essential. If only 51 students are studying in a 70-kanal school in Dharamshala, then this building could be used for other purposes. This thinking will emerge when the government's Real Estate Management Authority also publicly maintains government buildings. Residential residences should not be located alongside government offices to improve their administrative function and enhance their future-readiness. Instead, clusters of two or three cities should be established to establish employee towns.

It's surprising when political tactics defeat the purpose. For example, science and commerce subjects were removed from the use of many colleges, making these subjects political. Similarly, by unnecessarily making colleges the center of postgraduate programs, the entire education system has been derailed. How can restructuring be achieved?

However, some offices would make more sense outside Shimla than in Shimla. For example, if the Horticulture Headquarters were relocated near Forestry University, Solan, and the Agriculture Headquarters near Agriculture University, Palampur, the relevance would increase. Having the Directorate of Education near the School Education Board in Dharamshala enhances its prestige.

If Mandi is the cultural capital, then having the headquarters of Arts, Language, and Culture there, while the Electricity Department in Sundernagar, would seem more appropriate. Smaller offices leaving Shimla would gain more status by moving to district headquarters. In this context, major cities would need to be categorized and transformed into subject-specific headquarters. District hospitals could be established as state-level hospitals for specific diseases, and colleges could be established as state-level study campuses for specific subjects.

Dev's Diary: No Wine, No Shine - The only rule here is no rules!

The incident is a trivial one. Duty had ended. Some electricity workers arrived at the contract shop. They wanted to end the day with a drink. The salesman looked at his watch and said, "Time's up. No more sales. That's the rule." This should have ended the story. But in India, rules never end. They only begin the next chapter. The title of the next chapter was, "When intoxication is curbed, light will also be considered." A government job doesn't just provide a salary. It also grants a person certain rights, not mentioned in any service manual. The employee discovers these rights gradually. Some electricity workers in Saharanpur even demonstrated this invisible constitution experimentally. They proved that the government cutter doesn't just cut wires; sometimes it also cuts the remaining dignity of democracy. They also proved that power doesn't reside solely in Parliament, the Secretariat, and the Ministries. A small branch of it opens within every person who has the power to stop another person's work. The chair may be small, but the authority is not. The incident is very small. Duty had ended. Some electrical workers arrived at the contract site. They wanted to end the day with a cup of tea. The salesman looked at his watch and said, "Time is up. No more sales. This is the rule." Rules start a new chapter—this should have ended the story. But in India, rules never end a story. They only start the next chapter. The poor salesman didn't knowthat mentioning a rule in front of a government official is like teaching a priest a mantra. Rules are objects of worship in government offices. They are saluted in the morning and buried under a file by evening. If an outsider reminds them of a rule, it is considered an intrusion into jurisdiction. This insult was not immediately avenged. In the government system, even revenge goes through a process. The employees went home, discussed the matter. A ladder was arranged. Two motorcycles were prepared. Then, in the darkness of the night, democracy climbed the pole with full preparation. The contracted electricity was cut off. The message was clear: "When intoxication is stopped, light will also be considered." I was most satisfied that the department still possessed such agility. People have complained for years that government employees arrive late, walk slowly, and files sag. This incident puts an end to that myth. If the government official is inclined, they can climb poles even at night. The choice of work should be their own. The contractor was astonished. He claimed the electricity bill was paid in full. "Oh, brother," the bill is just a piece of paper. The real bill is the goodwill that must be paid periodically with the department. You refused to give the "nectar," they cut the "current." The score was settled. The police were checking CCTV footage to determine whether the wire cutters were actually from the electricity depa rtment. I pity the police's innocence. Cutting wires accurately in the dark is not an amateur skill. It's a feat achieved through years of departmental practice. Every profession has its own signature. The master knows the tabla, the surgeon knows the s u r g e o n . T h e electrician knows the pulse, and he can identify the correct wire even in the dark. The department is currently quiet. It's possible they're considering this incident not indiscipline but extra dedication. After all, the employees were demonstrating their departmental skills even after their duty hours. Where can one find such dedication these days? Or perhaps they're mulling over whether to include "no wine, no shine" in the department's new guidelines. If anyone is the most unhappy in this entire situation, it's the rule. The poor thing is insulted everywhere. In front of the common man, it stands like a lion. But as soon as it approaches someone with authority, its voice becomes weak. It steps aside, as if to say, "Brothers, don't involve me. I don't have that much power." This incident has given the country a new administrative formula. Whenever there's a conflict between law and authority, it's not the law that wins, but the authority, because law only has the book. Authority has a ladder, a cutter, and a d e p a r t m e n t a l identification. Now I think shops should have two signs: First: "Sales are closed after closing time." Second: "If you're from a department, please state your department first." This isn't a news story specific to any one city. It's the nature of a system where authority is government-owned, but its use gradually becomes private. The citizen considers it an accident. The department calls it a process, and in our country, the process always outlives the citizen. After a few days, everyone will return to their work. The lights will be on contract again. The department will again serve the public. The police will again search for the truth in another CCTV. Citizens will again pay their bills on time and live in the belief that this time, perhaps, their light will be safe.

Look back: The ripe season of understanding; for life is like a flowing river.

Life is like a flowing river, passing through the banks of every age, constantly learning and teaching something new until the end. As age and experience increase, a person learns to read life, not from words. The greatest gift of time is that it gives us a fresh perspective on people we once considered ordinary. As children, my sister and I saw our father as a man without any adventure in his life. He never stopped going to work. As children, we are attracted to people who laugh or tell stories. In contrast, a person who quietly performs his duties seems dull to us. We mistake his silence for a lack of emotion, when in reality, that very silence is the deepest language of sacrifice, concern, and selfless love. Over time, I realized that while I had only considered my father a working man, a man of few words, and an ordinary man, he was facing an invisible struggle every day, one we never realized. His every decision was linked to the sole purpose of keeping his family safe. His greatest achievement wasn't merely earning a living, but protecting his loved ones from every danger. Gradually, I also realized that my vision was narrow-minded. I considered youth to be the most energetic, beautiful, and valuable stage of life. I considered a person who lived a peaceful life to be full of sorrows. But old age taught me that life is like a flowing river, passing through the banks of every age, learning and teaching something new until the end. As age and experience increase, a person learns to learn not from words, but from life itself. Then we understand that a person's greatest story lies not in the words they speak, but in the responsibilities they fulfill. Perhaps this is the greatest beauty of old age. It doesn't give us new achievements, but rather gives new meaning to old memories. Every age holds a different truth within itself. When this vision develops, the world appears more humane, compassionate, and beautiful than ever before.

Second Innings: Look for the expressions, not the words; because in every relationship, the expressions matter more than the words.

My son invited me abroad to spend the holidays, but during our conversation, he repeatedly mentioned the expenses of my visit. This is bothering me. What should I do? Psychologist Neelkanth offered Rameshwar Ji of Sitapur, who was hurt by his son's behavior, this advice... In every relationship, the expressions matter more than the words. Inviting a son to travel abroad is a source of joy for any parent, but if the expense is repeatedly mentioned in the same conversation, it's natural to wonder if I'm becoming a burden on him. However, it's also unfair to judge an entire relationship based on a single incident. Sometimes, circumstances, stress, or expressions are such that the other person wants to say one thing, but the message comes across differently. Therefore, in such a situation, it's important to first acknowledge your feelings. Thinking, "Maybe I'm overthinking it" or "I shouldn't feel bad" can ease the emotional pain. Did you know that children living abroad often talk about finances due to the pressures of the expensive lifestyle and limited budget? Their intention isn't to hurt their parents; they're simply sharing their true circumstances. However, if this is repeated repeatedly, the other person may get the impression that their visit is becoming a financial burden. Therefore, instead of bottling up this discomfort, it's better to share it with your son in a calm and relaxed manner.

You can tell him that you really want to visit, but the constant discussion of expenses is making you hesitant and you want to know if it's really convenient for him. When expressed in a way that's not a complaint, the other person can express their feelings without becoming defensive. It's possible that they may not even realize that their words are causing you this feeling. If your financial situation allows, you can even offer to cover some of the travel expenses. This will ease the pressure on your son and reduce your hesitation. However, don't do this simply because you want to teach him a lesson. Parents visiting their children isn't a favor, but rather a natural necessity of relationships. Before making any decision, consider whether your son's behavior reflects more of a sense of belonging or a concern about expenses. If, even after talking, you continue to feel that you aren't being welcomed wholeheartedly, it may be better to postpone the trip for a while. Any visit is enjoyable only when it is intimacy. Relationships remain strong when they are built on respect, clear communication, and sensitivity to each other's circumstances.

मुझे मत ढूंढ़ना... बुलेट पुल पर खड़ी है, ताऊ को मैसेज भेज युवक ने युवती संग लगाई रामगंगा में छलांग

कटघर के रामगंगा पुल से युवक और युवती ने हाथ पकड़कर नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पुलिस, गोताखोरों और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तलाश अभियान शुरू किया। दोनों की तलाश कर रही है। मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर युवक- युवती के रामगंगा नदी में छलांग लगाने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर कटघर पुलिस, गोताखोरों और एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू कर दिया। देर शाम तक दोनों का कोई सुराग नहीं लग सका था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोपहर करीब दो बजे युवक और युवती कटघर पुल के पास पहुंचे। दोनों कुछ देर तक नदी किनारे खड़े रहे और फिर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर अचानक रामगंगा में कूद गए। यह नजारा देखकर वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस की शुरुआती जांच में युवक की पहचान कटघर थाना क्षेत्र के सूरज नगर निवासी तुषार के रूप में हुई है। युवती की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और युवक के परिजनों से भी संपर्क किया गया है।जांच के दौरान पता चला कि नदी में कूदने से पहले तुषार ने अपने ताऊ को मोबाइल पर एक संदेश भेजा था। मैसेज में लिखा था %मुझे मत ढूंढ़ना। मेरी बुलेट कटघर पुल पर खड़ी है। दूसरी चाबी लेकर उसे ले जाना%। इसके बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए।घटना की सूचना मिलते ही गोताखोरों के साथ एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। रामगंगा नदी में तेज बहाव और अधिक गहराई के कारण राहत एवं बचाव कार्य में दिक्कतें आ रही हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों की तलाश लगातार जारी है। युवती की पहचान और घटना के पीछे के कारणों की भी जांच की जा रही है। दोनों के मिलने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की तस्वीर साफ हो सकेगी।

रामपुर में हादसा: कॉर्बेट घूमने जा रहे कंपनी कर्मचारियों की कार खड़े कैंटर से टकराई, चार की मौत, तीन गंभीर

दिल्ली से कॉर्बेट नेशनल पार्क जा रहे इंडियन शॉप कंप्यूटर कंपनी के कर्मचारियों की कार कैंटर से टकरा गई। हादसे में अभिषेक अग्निहोत्री, कार्तिक और नीरज की मौत हो गई, जबकि चार घायल हुए।दिल्ली से रामनगर स्थित कॉर्बेट नेशनल पार्क घूमने जा रहे निजी कंपनी के कर्मचारियों की कार शनिवार तड़के सड़क किनारे खड़े कैंटर में पीछे से घुस गई। हादसे में चार लोगों की जान चली गई। जान गंवाने वालों में अभिषेक अग्निहोत्री, कार्तिक और नीरज और शमशुद्दीन शामिल हैं। कमल, विशाल और जतिन गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रामपुर रेफर किया गया।जानकारी के अनुसार सभी लोग दिल्ली के रहने वाले हैं और इंडियन शॉप कंप्यूटर कंपनी में कार्यरत हैं। कंपनी की ओर से निर्धारित लक्ष्य पूरा करने पर कर्मचारियों को कॉर्बेट नेशनल पार्क घूमने का पैकेज दिया गया था। इसी के तहत दो कारों में सवार होकर कुल 12 कर्मचारी दिल्ली से रामनगर के लिए रवाना हुए थे। एक कार में सात और दूसरी में पांच लोग सवार थे।साथी कर्मचारी अखिलेश ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार का हादसे से करीब एक किलोमीटर पहले टायर पंक्चर हो गया था। सभी लोग नीचे उतरे और टायर बदलकर दोबारा यात्रा शुरू की। इसी दौरान वह दुर्घटनाग्रस्त कार से उतरकर दूसरी कार में बैठ गए। दोनों कारें आगे बढ़ीं तो उनकी कार आगे निकल गई, जबकि दूसरी कार पीछे रह गई।अखिलेश ने बताया कि कुछ समय तक दूसरी कार नहीं पहुंची तो उन्होंने फोन कर जानकारी लेने की कोशिश की। तभी पता चला कि पीछे आ रही कार कोतवाली के पास मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़े कैंटर से टकरा गई है। सूचना मिलते ही उनकी कार में सवार सभी लोग तुरंत घटनास्थल की ओर लौटे। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सभी ने मिलकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने अभिषेक अग्निहोत्री (28), कार्तिक (32) और नीरज (31) को मृत घोषित कर दिया था।गंभीर रूप से घायल शमशुद्दीन की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं कमल, विशाल और जतिन का उपचार जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस ने चारों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों और घायलों के परिजनों में कोहराम मच गया।

पति ने पकड़े पैर, देवर ने रेता गला, बेटे ने मां के बारे में पूछा तो उसे भी मार डाला, डबल मर्डर का खुलासा

सीमा और उसके बेटे अंकुश की हत्या का खुलासा हुआ है। पुलिस ने पति जसराम और देवर जयराम को गिरफ्तार किया है। दोनों ने मिलकर महिला और उसके बेटे को बेरहमी से मौत के घाट उतारा। यूपी के मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मौढ़ा तैय्या निवासी सीमा और उसके बेटे अंकुश की हत्या में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक सीमा के पति जसराम और देवर जयराम ने इस वारदात को बड़ी ही क्रूरता के साथ अंजाम दिया था।पति ने सीमा के पैर पकड़ लिए थे और देवर जयराम ने उसका गला रेतकर हत्या कर दी थी। पति सीमा के व्यवहार से परेशान था। वह आए दिन उसके साथ मारपीट करती थी। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार जयराम ने बताया कि वह अपने भतीजे को नहीं मारना चाहता था। लेकिन वह बार बार अपनी मां के बारे में पूछ रहा था। उसे डर था कि वह घर जाकर लोगों को बता देगा। इसलिए मजबूरी में उसे मारना पड़ा। शुक्रवार की देर रात पुलिस ने पति जसराम को भी गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मौढ़ा तैय्या निवासी सीमा (35) और उसके बेटे अंकुश (10) की हत्या में उसके देवर जयराम और पति जसराम को गिरफ्तार किया गया है। सीमा करीब दो साल से शेरुआ चौराहे पर किराये का मकान लेकर रहती थी। पति जसराम और बेटा अंकुश भी उसके साथ रहते थे। जसराम ने अपना मकान छोटे भाई जयराम को बेच दिया था। जयराम ने जसराम और उसकी पत्नी सीमा को 60 हजार रुपये दे दिए थे। दो लाख 40 हजार रुपये बाकी रह गए थे। इन रुपयों को लेकर सीमा विवाद करती थी।इसके अलावा सीमा के चरित्र पर भी जसराम शक करता था। विरोध करने पर दोनों के बीच विवाद भी होता था। सोमवार की रात भी पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था। सीमा ने पुलिस चौकी में शिकायत की थी। इस मामले में सीमा ने समझौता कर लिया और अपने पति के साथ घर चली गई थी।इस समझौते में जयराम भी शामिल था। घर लौटने के बाद दोनों भाइयों ने साजिश रची कि वह सीमा को जिंदा छोड़ेंगे। नहीं जसराम ने अपने भाई से यह भी वादा किया था कि अगर वह सीमा की हत्या कर देगा तो मकान के बाकी रुपये भी नहीं लेगा। जयराम भी यह चाहता था कि मकान के रुपये उसे नहीं देने पड़े। मंगलवार की शाम करीब छह बजे जयराम अगवानपुर पहुंचा और सीमा से कहा कि वह उसे रुपये दे देगा। इस बहाने से वह सीमा और अंकुश को बाइक पर बैठाकर मौढ़ा तैय्या लौट रहा था लेकिन उसने पेट्रोल पंप पर बाइक रोक दी और अंकुश को वहीं उतार दिया और सीमा को अपने साथ खेत में ले गया। वहां पहले से जसराम मौजूद था। दोनों भाइयों ने सीमा पर हमला कर दिया। जयराम ने सीमा की गर्दन रेती, जसराम ने पकड़े पैर- जयराम ने धारदार हथियार से सीमा की गर्दन रेत दी और जसराम ने सीमा के पैर पकड़ लिए थे। सीमा की हत्या करने के बाद जयराम दोबारा पेट्रोल पंप पर पहुंचा और उसने बोतल में पेट्रोल ले लिया। इसके बाद अंकुश को बाइक पर बैठा लिया। अंकुश बार बार अपनी मां के बार पूछ रहा था। अब जयराम डरने लगा था कि कहीं वह फंस न जाएं।वह अंकुश को लेकर मौके पर कल्लू सिंह के खेत में ही आ गया था। यहां उसने अपनी मां को खेत में पड़ा देखा तो चीखने लगा। इसके बाद जयराम ने गला दबाकर अंकुश भी हत्या कर दी थी। दोनों भाइयों ने पेट्रोल डालकर सीमा का चेहरा जला दिया था। इसके बाद करीब 500 मीटर की दूरी पर प्रदीप के खेत में अंकुश का शव डाल दिया और उसका भी चेहरा जला दिया था। इसके बाद दोनों भाई मौके से भाग गए थे। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि आरोपी देवर को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।यह है मामला- पाकबड़ा थाना इलाके में मां-बेटे की बड़ी ही बेरहमी के साथ हत्या कर दी गई थी। मौढ़ा तैय्या निवासी सीमा (30) का गला रेता गया जबकि उसके दस साल के बेटे अंकुश की हत्या गला दबाकर की गई है। सीमा का शव बुधवार को एक गन्ने के खेत में मिला था, जबकि उसके बेटे की लाश बृहस्पतिवार को करीब पांच सौ मीटर के फासले पर दूसरे खेत से मिली।हत्यारों ने दोनों की पहचान छुपाने के लिए चेहरे जलाए थे मगर अंकुश का चेहरा कम जला था जिससे उसकी पहचान हो गई। पुलिस का कहना है कि सीमा अपने पति जसराम से विवाद के बाद पिछले दो साल से अपने बेटे अंकुश के साथ अलग रह रही थी।15 साल पहले हुई थी जसराम और सीमा की शादी- पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मौढ़ा तैय्या निवासी जसराम की शादी करीब 15 साल पहले गोरखपुर निवासी सीमा के साथ हुई थी। दंपती का एक दस साल का बेटा अंकुश था। जसराम ट्रक चालक है लेकिन कुछ समय से बीमार होने के कारण ट्रक नहीं चला रहा। दो साल पहले पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।एक बीघा जमीन बेचने पर पति-पत्नी में बढ़ गया था विवाद- मौढ़ा तैय्या निवासी पातीराम सैनी के पांच बेटे सोमपाल, जयराम, जसवंत, कुलवंत और जसराम हैं। जसराम के हिस्से में दो बीघा जमीन आई थी। करीब दो साल पहले जसराम की पत्नी सीमा ने एक बीघा जमीन बेच दी थी। जसराम ने इसका विरोध किया था तब पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि महिला बाकी बची एक बीघा जमीन भी बेचना चाहती थी।पहचान करने से बचते रहे जसराम के परिजन- सीमा करीब दो साल से अपने बेटे अंकुश को साथ लेकर गांव छोड़कर शेरुआ चौराहे के पास कौकरपुर में किराये के मकान में रह रही थी और फैक्टरी में काम करती थी। वह बीच बीच में अपने गांव आती थी लेकिन पति पत्नी में विवाद हो जाता था। जिस कारण वह चली जाती थी। सीमा की लाश बुधवार की सुबह गांव के ही पास मिली थी लेकिन परिवार के किसी भी व्यक्ति ने उसकी पहचान नहीं की हालांकि उसका चेहरा भी पूरी तरह जल चुका था।

संक्षिप्त समाचार

स्वर्गीय शिव नारायण गुप्ता स्मृति शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मान, बोले- शतरंज मानसिक परिपक्वता का खेल

मुरादाबाद बार एसोसिएशन में स्वर्गीय शिव नारायण गुप्ता एडवोकेट स्मृति वार्षिक शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। एसएसपी सतपाल अंतिल और एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने पुरस्कार वितरित किए। आनंद मोहन गुप्ता ने शतरंज को मानसिक परिपक्वता और रणनीतिक सोच का खेल बताया।दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के सभागार में बार एसोसिएशन की ओर से जून में स्वर्गीय शिव नारायण गुप्ता एडवोकेट की स्मृति में वार्षिक शतरंज प्रतियोगिता कराई गई थी। इसका पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व विशिष्ट अतिथि एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनन्द मोहन गुप्ता ने की। संचालन बार एसोसिएशन के महासचिव कपिल गुप्ता ने किया। स्वर्गीय शिवनारायण गुप्ता एडवोकेट की स्मृति में आयोजित वार्षिक शतरंज प्रतियोगिता के विजेता शाकिर अली एडवोकेट को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र और विजेता की ट्रॉफी और उपविजेता राजकुमार गौतम एडवोकेट को भी प्रशस्ति पत्र एवं उपविजेता की ट्रॉफी प्रदान की। प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह दिया गया। सहयोग करने वालों को भी बार एसोसिएशन के द्वारा सम्मानित किया गया।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने कहा कि शतरंज दिमाग का खेल है और इसमें प्रतिभाग करना और विजेता होना आपकी मानसिक परिपक्वता का प्रमाण है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शतरंज एक बहुत ही अच्छा इंडोर गेम है जो कि व्यक्ति में विषम परिस्थितियों से लड़ने की क्षमता पैदा करता है।विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर ने कहा कि कुमार अधिवक्ताओं की दिनचर्या काफी व्यस्त रहती है ऐसे में शतरंज जैसे खेल उनकी शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर गुप्ता, आदेश श्रीवास्तव, राकेश जौहरी, अभिषेक भटनागर, गिरीश चंद्र, मुकेश चंद्र भारद्वाज, श्रीकांत उपाध्याय, मनोज कुमार गुप्ता, अंजार हुसैन, अजय बंसल, पुनीत चौहान, सचिन शर्मा, आवरण अग्रवाल, जितेंद्र प्रताप सिंह जेपी, रमा पांडे, अनिल गुप्ता, आशीष उपाध्याय, जाबिर हुसैन, कैलाश सिंह, सुरेश सिंह सहित बड़ी संख्या में अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।प्रतियोगिता के विजेता प्रथम स्थान- शाकिर अली एडवोकेट उपविजेता- राजकुमार गौतम एडवोकेट सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। आयोजन में सहयोग करने वाले सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।

लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर पलटी प्राइवेट बस, 100 यात्रियों की बाल-बाल बची जान

लखीमपुर से दिल्ली जा रही एक निजी बस शनिवार को लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर नयागांव अंडरपास के ऊपर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई। हादसे के समय बस में करीब 100 यात्री सवार थे। गनीमत रही कि किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई।लखीमपुर से दिल्ली जा रही एक निजी बस शनिवार को लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर नयागांव अंडरपास के ऊपर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई। हादसे के समय बस में करीब 100 यात्री सवार थे। गनीमत रही कि किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। कटघर थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और संबंधित विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया गया। दुर्घटना के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। इसके बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को क्रेन की मदद से हाईवे से हटवाकर किनारे खड़ा कराया, जिससे यातायात दोबारा सुचारु रूप से शुरू हो सका। पुलिस के अनुसार, हादसे में किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। कि किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

आज माध्यमिक शिक्षा विभाग रोपित करेगा 18,700 पौधे, कंट्रोल रूम से होगी मॉनिटरिंग

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली।प्रदेश सरकार के निर्देश पर 12 जुलाई रविवार को जिले में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस महाअभियान के तहत जिले में कुल 43,58,300 पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें माध्यमिक शिक्षा विभाग को 18,700 पौधरोपित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी कर सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बताया कि रोपे गए सभी पौधों की प्रामाणिकता जांचने के लिए निर्धारित मोबाइल ऐप के माध्यम से उनकी जियो टैगिंग की जाएगी। इसके साथ ही पौधारोपण की तस्वीरें विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप पर भी साझा करनी होंगी। इस महाभियान की निगरानी के लिए डीआईओएस कार्यालय में एक विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। रविवार सुबह छह बजे से ही कंट्रोल रूम सक्रिय हो जाएगा और माध्यमिक विद्यालयों में हो रहे पौधारोपण की प्रत्येक घंटे की प्रगति रिपोर्ट नोडल अधिकारियों के माध्यम से यहां संकलित की जाएगी। सुचारू व्यवस्था के लिए जिले के विभिन्न राजकीय इंटर कॉलेजों और हाईस्कूलों के वरिष्ठ शिक्षकों व कर्मचारियों को कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त कर कड़ाई से नियमों का अनुपालन करने को कहा गया है।

करोड़ों की ठगी का आरोपी कन्हैया गुलाटी पर 50 हजार का इनाम, रेड कॉर्नर नोटिस जारी

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। सैकड़ों लोगों से निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये ठगी करने के आरोपी कैनविज कंपनी के निदेशक कन्हैया गुलाटी पर इनाम की राशि को बढ़ाकर अब 50 हजार रुपये कर दिया गया है। पिछले दिनों एसएसपी ने उस पर 25 हजार रुपये इनाम घोषित किया था। अब डीआईजी ने इनाम की राशि को बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है। गुलाटी के पत्नी और बेटे के साथ विदेश भागने की आशंका है। कन्हैया गुलाटी, उसकी पत्नी और बेटे के खिलाफ ठगी के 80 मामले दर्ज हैं। ठगी के शिकार निवेशक उसकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर कई दिन से धरना भी दे रहे हैं। गुलाटी की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी भी गठित की गई है, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं आ रहा। गुलाटी ने बरेली मंडल के अलावा उत्तराखंड, दिल्ली समेत अन्य राज्यों में भी लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की है। आरोपी कन्हैया गुलाटी की गिरफ्तारी को लेकर एसआईटी कई जिलों और पड़ोसी राज्यों में संभावित ठिकानों पर दबिश दे चुकी है। उसके विदेश भाने की आशंका के चलते अब रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस एजेंसियों को किसी अंतरराष्ट्रीय अपराधी या भगोड़े का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने के लिए जारी किया गया एक अंतरराष्ट्रीय अनुरोध होता है।

किराएदार मां बेटे ने निवेश के नाम पर महिला से ठगे 25 लाख, रिपोर्ट

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। किराये पर रहने वाले मां-बेटे ने मकान मालिक को फैक्ट्री में निवेश कराकर मोटा फायदा होने की बात कहते हुए 25 लाख रुपये ले लिए। अब रुपये वापस मांगने पर वे उन्हें धमका रहे हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीलीभीत रोड स्थित विष्णु धाम कॉलोनी निवासी राखी गंगवार पत्नी कृष्णपाल गंगवार ने बताया कि 2023 में उनके मकान में रामपुर के चाऊपुरा वार्ड 11 निवासी रोहित कुमार और उसकी मां किराए पर रहते थे। दोनों ने बताया कि उन्होंने परसाखेड़ा में किराये का गोदाम लेकर उसमें बोतल बनाने की फैक्ट्री लगाई है। मोटा मुनाफा होता है। रोहित ने राखी से फैक्ट्री में पार्टनर बनने के लिए कहा तो वह उनकी बातों में आ गई और लगभग 25 लाख रुपये उन्होंने रोहित को दे दिए। इसके साथ ही रोहित ने जबरन उनकी सोने की चेन अपने लॉकर में रख ली। आरोप है कि मां-बेटे ने उनके द्वारा तैयार किए गए कागजात भी अपने पास में रख लिए है। इसके साथ ही वह उनसे 10 लाख रुपये की मांग भी कर रहे है। साथ ही उन्हें धमकी भी दे रहे है। पीड़िता ने इसकी शिकायत एडीजी से की। जिसके बाद इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी मां-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सुभाषनगर पुलिस ने 5.840 किलो डोडा छिलका समेत शातिर तस्कर को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सुभाषनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 5 किलो 840 ग्राम डोडा छिलका के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कुलदीप यादव (23 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बदायूं का रहने वाला है और वर्तमान में सुभाषनगर क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में डोडा छिलका बरामद कर उसके खिलाफ मु0अ0सं0 479/2026, धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह डोडा छिलका उत्तराखंड में सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पर पहले से चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य संगीन धाराओं सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार नैन के नेतृत्व में थाना सुभाषनगर पुलिस टीम ने सिठौरा-सराय तल्फी रोड स्थित बिजलीघर तिराहे के पास की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पवित्र माह श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर बरेली पुलिस अलर्ट, SSP अनुराग आर्य ने दिए सख्त निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। आगामी पवित्र माह श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर व्यापक रणनीति तैयार की।

बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसएसपी ने बताया कि इस वर्ष प्रत्येक थाने में कांवड़ सेल का गठन किया गया है। प्रत्येक कांवड़ जत्थे के साथ पुलिस का नोडल अधिकारी रहेगा, जबकि पूरे जनपद को सुपर जोन, जोन, सेक्टर और सब-सेक्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। कांवड़ मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरे, अस्थायी पुलिस चौकियां, बाइक मोबाइल, पीआरवी, एम्बुलेंस और फर्स्ट एड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। श्रावण मास के दौरान सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और शांतिपूर्ण यात्रा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

मिशन शक्ति -5 के तहत पुलिस का व्यापक जनजागरुकता अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शक्ति मोबाइल टीम द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। चौपाल, संवाद एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, कानूनी अधिकारों एवं सहायता सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें शक्ति दीदी के रूप में निडर होकर अपनी बात रखने एवं किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से अन्य गोपनीय जानकारियां किसी से साझा न करने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने तथा किसी भी साइबर आपात स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के संबंध में जानकारी दी गई।

कीटनाशक दुकानों पर अधिकारियों की छापेमारी

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती । जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के आदेश पर जिले में कृषि अधिकारियों द्वारा तहसील वार टीम बनाकर पेस्टीसाइड के विनिर्माताओं/विक्रेताओं के यहां छापेमारी की गई। जिला कृषि रक्षा अधिकारी नत्थू लाल गंगवार ने बताया कि जिले में किसान भाईयों को खरीफ फसल में उच्च गुणवत्ता के रसायन सही मूल्य पर उपलब्ध कराने हेतु शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थिति पेस्टीसाइड के विनिर्माताओं/विक्रेताओं के यहां कीटनाशी निरीक्षकों/अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर आकस्मिक छापे आयोजित किये गये। जिला कृषि अधिकारी द्वारा तहसील जमुनहा में कुल 04 दुकानों का निरीक्षण किया गया, तथा कुल 02 नमूनें ग्रहित किये गयें एवं उप कृषि निदेशक द्वारा तहसील भिनगा में कुल 05 दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा तहसील इकौना में कुल 06 दुकानों का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय 04 नमूनें ग्रहित किये गयें तथा अभिलेखों का निरीक्षण करने के साथ किसानों को कैश मेमो उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ में विकास कुमार, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक उपस्थित रहें, निरीक्षण के दौरान 06 विनिर्माताओं/विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

वृक्षारोपण जनजागरुकता हेतु वनाधिकारी द्वारा प्रचार वाहन को किया रवाना

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती हरित क्रांति वन महोत्सव 2026 के अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी श्रावस्ती व उपप्रभागीय वन अधिकारी के - निर्देशानुसार वन क्षेत्र हरदत्त नगर गिरन्ट क्षेत्रीय वन अधिकारी हरिनारायण सिंह के नेतृत्व में वन दरोगा अजय कुमार कश्यप द्वारा सुजान डीह पौधशाला से वृक्षों से होने वाले लाभ से आम जनमानस में वृक्षारोपण के प्रति जन जागरूकता स्थापित करने हेतु प्रचार प्रसार वाहन को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि यह प्रचार वाहन वन क्षेत्र हरदत्त नगर गिरन्ट रेंज के सभी गांवों कस्बों में जाकर माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रत्येक नागरिक से एक पेड़ मां के नाम लगाने हेतु प्रेरित करेगा। इस वृक्षा रोपड जनजागरूकता महाअभियान के रथ को रवाना किया। इस मौके पर वन दरोगा अजय कश्यप वनरक्षक प्रदीप कुमार सिंह, विभागीय कर्मचारी और ग्रामवासीगण मौजूद रहे।

डिलारी पुलिस की कार्रवाई, शांति भंग में तीन गिरफ्तार, भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ सच / डिलारी- मुरादाबाद। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना डिलारी पुलिस ने शुक्रवार को निवारक कार्रवाई करते हुए दो पक्षों के तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार प्रथम पक्ष से मतलूब अली एवं अजमत अली पुत्र बन्ने हाजी निवासी ग्राम सलेमसराय, थाना डिलारी, तथा द्वितीय पक्ष से मोहम्मद नदीम पुत्र मुस्तफा हसन निवासी ग्राम सलेमसराय, थाना डिलारी को शान्ति भंग की धारा में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थाना डिलारी पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की निवारक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

अधिकारी की पत्नी के अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी,कैफे संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली । एक सैन्य अफसर की पत्नी के अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने और यौन उत्पीड़न की धमकी देने का मामला सामने आया है। सैन्य अधिकारी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सैन्य अफसर के अनुसार, उनकी पत्नी घर में रहती हैं। दो अप्रैल को उन्होंने अपने आवासीय परिसर का एक हिस्सा कैफे चलाने के लिए रोहित सक्सेना को किराए पर दिया था। रोहित ने पुलिस सत्यापन की रसीद तो दी, लेकिन कभी सत्यापन प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया। उत्पीड़न और धमकी का आरोप- परिसर खाली करने के बाद से ही रोहित सक्सेना ने सैन्य अफसर की पत्नी और उनके परिवार को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। रोहित पर सैन्य अफसर की पत्नी की तस्वीरों को एडिट कर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देने का आरोप है। उसने आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ तस्वीरें पोस्ट करने की भी धमकी दी। रोहित ने महिला और उनके परिवार से धन की मांग की। उसने धमकी दी कि यदि उसकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह उन्हें बदनाम करेगा। आरोपी ने सैन्य अफसर की पत्नी को फोन पर अश्लील संदेश भी भेजे। सैन्य अधिकारी ने एसएसपी अनुराग आर्य से मिलकर रोहित सक्सेना की शिकायत की। उनके आदेश पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

